# D

SL. No. : S

**CCE PR UNREVISED**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 64 ]
Total No. of Questions : 64 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

यहाँ से काटिए

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 25. 06. 2019 ]
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ]

[ Date : 25. 06. 2019
[ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
[ Max. Marks : 125

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here

## विभाग "A"

## ( गद्य, पद्य एवं पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. पुरुषोत्तम का घर कहाँ था ?
2. परसाई जी के अनुसार बारीक चीजों को कौन देख सकते हैं ?
3. रुपये की वशवर्तिनी कौन है ?
4. गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका किस कारण गए थे ?
5. वेंकटराव जी की अविस्मरणीय सेवा क्या है ?
6. नाव के स्त्री में बदल जाने से केवट का क्या होगा ?
7. श्रीकृष्ण के मित्रों ने उसके मुख पर क्या लगाया ?
8. कविता में कवि उधार देने से क्यों डरता है ?
9. बड़े भाई साहब और प्रेमचन्द जी के बीच कितने सालों का अंतर था ?
10. सहारनपुर से देहली की यात्रा में यात्रियों में क्या बहस छिड़ी थी ?
11. विज्ञान का अर्थ क्या है ?
12. हरिशंकर परसाइ जी के अनुसार व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ?
13. लाला झाऊलाल ने किसे अपनी विपदा सुनाई ?
14. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी थी ?
15. डूबने से डरकर किनारे बैठे तो क्या होगा ?
16. पिछड़ा आदमी कैसे मारा गया ?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. गाँधीजी किस अपमान के बाद उद्विग्न रहने लगे ?
18. पानी पीने के सम्बन्ध में कौन-कौन से नियम बनाये हैं ?
19. माँ-बाप विकलांग बच्चों को क्यों त्याग देते हैं ?
20. परिवार में सच्ची नारी कैसी होती है ?
21. पंचवटी की मनमोहक प्रकृति का वर्णन कीजिए ।
22. 'आओ नवनिर्माण करें' कविता में कवि सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहते हैं ?
23. पिछड़ा आदमी किस तरह अपना जीवन बिताता था ?

24. बड़े भाई के पढ़ने का तरीका कैसा था ?

25. आज का युग वैज्ञानिक युग क्यों कहलाता है ?

26. पुरुषोत्तम भोजन की तैयारियाँ कैसे करते हैं ?

27. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।

28. बच्चों की बुनियादी आवश्यकताएँ कौन-कौन सी हैं ?

29. पंचवटी में बना कुटीर किस प्रकार था ?

30. जग का नवनिर्माण कैसे किया जा सकता है ?

31. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या स्थान कैसे बना है ?

32. फालतू बातों को दूर करने के लिए लेखक हमें क्या सुझाव देते हैं ?

III. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $6 \times 3 = 18$

33. ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

34. ''आज इकतीस है । आज तो ले ले ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

35. ''पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

36. होत बिलंबु उतारहि पारु ।।

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

37. ''यदि पुरुष म नारी के गुण आ जाते हैं, तो वह देवता बन जाता है ।''

i) पाठ का नाम :

ii) व्याख्या :

38. मैंने धूप से कहा : मुझे थोड़ी गरमाई दोगी उधार ?

चिड़िया से कहा : थोड़ी मिठास उधार दोगी ?

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित कवि का परिचय लिखिए : $2 \times 3 = 6$

39. सूरदास :

i) काल :

ii) कृतिया :

iii) अन्य जानकारियाँ :

40. डॉ० इकबाल :

i) काल :

ii) उपाधि :

iii) अन्य जानकारियाँ :

V. निम्नलिखित पद्य भाग की पूर्ति कीजिए : 4

41. आसरा मत ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.................................................................. में राग ।

**अथवा**

राग से ..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

.............................................................. अपनी चाल ।

VI. निम्नलिखित पद्य भाग का सारांश लिखिए : 4

42. साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय ।

सार सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय ।।

**अथवा**

जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग ।

कहाँ सुदामा बापुरो, कृष्ण मिताई जोग ।।

VII. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : $3 \times 4 = 12$

43. रुपये की महानता के बारे में आप क्या जानते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

रुपये की झनझनाहट की तुलना किन-किन के साथ की गई है ? वर्णन कीजिए ।

44. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव जी के योगदान के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराव जी ने क्या-क्या किया ?

45. पैरों में घुँघरू बाँधकर नाचने का परिणाम क्या हुआ ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

मीरा के विरह का वर्णन कीजिए ।

## विभाग "B"

## ( व्याकरण, अलंकार एवं छन्द )

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

46. 'चीजें' शब्द का अन्य वचन रूप है –

(A) चीजों (B) चीज़ें

(C) चीज़ (D) नाचीज ।

47. 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) पंडिताइन (B) पाडित्य

(C) पंडिता (D) पांडव ।

48. 'उत्सुक' शब्द का भाववाचक रूप है –

(A) उत्सुका (B) उत्साही

(C) उत्साह (D) उत्सुकता ।

49. 'चढ़ना' का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है –

(A) चढ़वाना (B) चढ़ाना

(C) चढ़ाई (D) चढ़ता ।

50. 'फूल' शब्द का समानार्थक रूप है –

(A) मोर (B) कोमल

(C) कुसुम (D) तारा ।

51. निम्नलिखित शब्दों में क्रिया-विशेषण रूप है –

(A) धीरे-धीरे (B) चलना

(C) बुरा (D) राजा ।

52. राम ने रावण को बाण से मारा था । इसमें कर्म कारक चिह्न है –

(A) ने (B) से

(C) को (D) था ।

53. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय युक्त शब्द है –

(A) असफल (B) दूधवाला

(C) आहार (D) ईमान ।

54. "हम और हमारा दरबार उस पर विचार करेगा ।"

इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का काल है –

(A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

(C) भविष्यत् काल (D) आसन्न भूतकाल ।

55. निम्नलिखित में से सही विग्रह है –

(A) प + उपकार (B) पर + उपकार

(C) पर + ओपकार (D) परो + उपकार ।

IX. प्रथम दो शब्दों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. रमेश : गुण संधि :: परमात्मा : ......................................... ।

57. पंचवटी : द्विगु समास :: गुण-दोष : .................................... ।

58. सभ्य : असभ्य :: सवाल : ................................. ।

59. भेजना : क्रिया :: आप : ............................ ।

X. मात्राएँ लगाकर छन्द का लक्षण लिखिए : 3

60. बिदा कीन्ह करुनायतन, भगति बिमल बरु देइ ।

XI. अलंकार पहचानकर समझाइए : 3

61. हम बुलबुले हैं इसकी ।

## विभाग "C"
## ( वाक्य, पत्र लेखन एवं निबन्ध रचना )

XII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) नौ दो ग्यारह होना —

अर्थ :

प्रयोग :

(b) आग बबूला होना —

अर्थ :

प्रयोग :

XIII. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर पत्र लिखिए : 5

63. अपनी पाठशाला के वार्षिकोत्सव के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी अस्वस्थता का कारण बताकर तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

XIV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

64. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :

i) समाचार पत्र

ii) आधुनिक विज्ञान

iii) स्वच्छ भारत अभियान ।